उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

(लिखित परीक्षा के परीक्षा केन्द्र जनपद / पते के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना)

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02 / 2025 दिनांक– अप्रैल 25 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा दिनांक 25 / 26 / 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें:–

1– बोर्ड की सूचना / विज्ञप्ति दिनांक 18 अप्रैल 2026 द्वारा उक्त प्रस्तावित लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्रों के जनपद / नगर की सूचना पर्ची का विवरण ऑनलाइन लिंक के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट **https://uppbpb.gov.in पर** प्रकाशित की गई थी, जिसमें अभ्यर्थियों से प्रवेश पत्र में दिए गए परीक्षा दिवस एवं निर्धारित पाली में उसी जनपद में पहुंचने की अपेक्षा की गयी है।

2– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे लिखित परीक्षा हेतु सर्वप्रथम लिखित परीक्षा के जनपद / नगर की सूचना पर्ची डाउनलोड करने के उपरान्त ही अपने प्रवेश पत्र पर दिए गए केंद्र के पते को ध्यान से पढ़ें और निर्धारित परीक्षा केन्द्र के जनपद / नगर में ही उस पते पर पहुंचे।

3– अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए केंद्र के पते के साथ पिनकोड भी दिया गया है। भ्रम की दशा में उस पिनकोड वाले जनपद में ही केंद्र पर रिपोर्ट करें।

4– अपने केंद्र का जनपद या नगर जानने के लिए निम्न लिंक पर पुनः जाकर सूचना प्राप्त की जा सकती है।

लिंकः–

https://www.hgupexam2025.com/HGDistrictIntimation/index.aspx

5– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती) / परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।